फूलों से सजा दरबार मैया जी

फूलों से सजा दरबार मैया जी को प्यारा लगे,
प्यारा लगे बड़ा प्यारा लगे,
फूलों से सजा दरबार माँ को बड़ा प्यारा लगे.....

माथे मैया के बिंदी सोहे,
बिंदी सोहे माँ बिंदी सोहे,
सिंदूर का रंग बड़ा लाल मैया जी को प्यारा लगे,
फूलों से सजा दरबार माँ को बड़ा प्यारा लगे.....

हाथ मैया के चूड़ियाँ सोहे,
चूड़ियाँ सोहे हाँ चूड़ियाँ सोहे,
मेहँदी का रंग बड़ा लाल मैय जी को प्यारा लगे,
फूलों से सजा दरबार माँ को बड़ा प्यारा लगे.....

पैर मैया के पायल सोहे,
पायल सोहे हाँ पायल सोहे,
महावर का रंग बड़ा लाल मैया जी को प्यारा लगे,
फूलों से सजा दरबार माँ को बड़ा प्यारा लगे.....

शीश मैया के चुनरी सोहे,
चुनरी सोहे हाँ चुनरी सोहे,
साड़ी का रंग बड़ा लाल मैया जी को प्यारा लगे,
फूलों से सजा दरबार माँ को बड़ा प्यारा लगे.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29089/title/phulon-me-saja-darbaar-mayia-ji

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |